बरेली, मंगलवार
21 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

जेपीएम और बेदी इंटरनेशनल की रोमांचक जीत

- डीपीएस ने छह विकेट खोकर बनाए 136 रन, बेदी इंटरनेशनल को नौ विकेट से मिली जीत
- अर्धशतक बनाने के साथ दो विकेट लेने वाले बेदी के तेजस्व चुने गए मैन आफ द मैच

जागरण संवाददाता, बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सात में सोमवार को 11वां और 12वां मैच खेला गया। 11वें मैच में हार्टमैन कालेज को दो रन से पराजित कर जेपीएम ने जीत हासिल की। जबकि 12वें मैच में बेदी इंटरनेशनल ने डीपीएस को नौ विकेट से हराया।

एसआरएमएस स्टेडियम में 11वें मैच में ग्रुप- बी की टीमों हार्टमैन कालेज और जेपीएम के बीच मैच हुआ। इसमें हार्टमैन के कप्तान अथर्व गुलाटी ने टास जीत कर जेपीएम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जेपीएम की टीम 15.3 ओवर में 119 रन ही बना सकी। हार्टमैन के बल्लेबाजों ने आठ ओवर में 53 रन बनाए। अंतिम 20वें ओवर में हार्टमैन की टीम का स्कोर सात विकेट पर 112 रन रहा। अंतिम गेंद पर हार्टमैन को जीत के लिए तीन रन की जरूरत थी, इसके लिए समर्थ मेहरोत्रा ने बाउंड्री हासिल करने के लिए

आयोजन समिति की ओर से मैन आफ द मैच तेजस्व को किया गया सम्मानित • सौ. आयोजक

जोरदार शाट लगाया, लेकिन अच्छी फिल्डिंग से समर्थ रन आउट हुए। नतीजा जेपीएम ने दो रन से मैच जीत हासिल की। मुहम्मद सैफ मैन आफ द मैच चुने गए।

पांच अतिरिक्त रनों का मिला उपहार: टूर्नामेंट का 12वां मैच ग्रुप- सी की टीम डीपीएस और मैच चार के विजेता बेदी इंटरनेशनल के बीच हुआ। डीपीएस के कप्तान शौर्यमन पाठक ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी की। बेदी की सटीक गेंदबाजी के आगे डीपीएस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 136 रन बना सकी। गेंदबाज लक्षांश गुप्ता ने पहली गेंद वाइड फेंकी, विकेटकीपर के पास से होती हुई वह बाउंड्री पार कर गई। पहली गेंद बिना खेले डीपीएस को पांच अतिरिक्त रन तोहफे में मिले।

बेदी इंटरनेशनल के बल्लेबाजों ने 10 ओवर में 104 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बेदी की टीम ने 140 रन बनाए। नतीजा बेदी ने नौ विकेट से डीपीएस पर जीत दर्ज की। दो विकेट लेने वाले बेदी के आलराउंडर तेजस्व को मैन आफ द मैच चुना गया, जिन्हें आयोजन समिति के अध्यक्ष डा. प्रभाकर गुप्ता और डिप्टी सेक्रेटरी इंजीनियर निपुन पांडे ने ट्राफी प्रदान की।

वाकओवर के आधार पर बने विजेता

आयोजन समिति के डिप्टी सेक्रेटरी इंजीनियर निपुण पांडे ने 10वें मैच में विजयी मिशन एकेडमी स्कूल की टीम को अयोग्य घोषित करने की घोषणा की। हार के बाद जीपीएम की टीम के कोच ने मिशन अकादमी के खिलाड़ियों के सत्यापन के संबंध में टूर्नामेंट आयोजन समिति से शिकायत की। जांच समिति ने संदिग्ध खिलाड़ियों के सत्यापन के लिए दस्तावेज मांगे, निर्धारित समय तक कोच और खिलाड़ी उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में समिति की रिपोर्ट के आधार पर मिशन अकादमी को टूर्नामेंट से अयोग्य घोषित किया और जीपीएम को वाकओवर के आधार पर विजेता घोषित किया।

टूर्नामेंट में आज

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को ग्रुप- बी की टीमों हाडा पब्लिक स्कूल और मैच 05 विजेता सोमती पब्लिक स्कूल के बीच टूर्नामेंट का 13वां मैच सुबह 8 बजे और ग्रुप- ए की टीमों राधा माधव पब्लिक स्कूल और मैच 06 के विजेता वासु वत्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बीच 14वां मैच दोपहर 12.00 बजे।